# क्विक हील की नागपुर में सीएसआर पहल

## 'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा अवार्ड्स' का आयोजन किया

**मुंबई / सबुरी टाइम्स**

वैश्विक साइबर सुरक्षा समाधान प्रदाता क्विक हील ने अपने फाउंडेशन के माध्यम से अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत नागपुर में 'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा अवार्ड्स' का आयोजन किया। इस समारोह में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता बढ़ाने, खासकर महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के हाशिये पर खड़े समुदायों के बीच, के लिए भाग लेने वाली शिक्षण संस्था, शिक्षकों और विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रयासों को सराहा गया। पुरस्कारों का वितरण क्विक हील फाउंडेशन की चेयरपर्सन सुश्री अनुपमा काटकर और भाग लेने वाले छह संस्थानों के शैक्षणिक प्रतिनिधियों ने किया।

इस पुरस्कार समारोह का आयोजन नागपुर के प्रियदर्शिनी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में हुआ था। क्षेत्र के स्वयंसेवी संस्थानों में गवर्नमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस, नागपुर; प्रियदर्शिनी कॉलेज ऑफ इंजीरियरिंग, नागपुर; सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज, काम्पटी; शंकरलाल खण्डेलवाल कॉलेज, अकोला; सुधा सुरेशभाई मनियार कॉलेज, नागपुर; और जे.एम. पटेल कॉलेज, भंडारा शामिल थे। समारोह में भाग लेने वाले संस्थानों के 140 से ज्यादा स्वयंसेवी उपस्थित थे।

क्विक हील फाउंडेशन की चेयरपर्सन और क्विक हील टेक्नोलॉजीज लिमिटेड में ऑपरेशनल एक्सीलेंस प्रमुख सुश्री अनुपमा काटकर ने कहा, "मैं सभी विजेताओं को बधाई देती हूँ, जिन्होंने साइबर सुरक्षा पर शिक्षा का प्रसार कर कई लोगों के भविष्य को सुरक्षित रखने की दिशा में एक कदम बढ़ाया है। ज्ञान को सीखने, बढ़ाने और साझा करने के लिये उनकी उत्सुकता प्रशंसनीय है।

क्विक हील में हम अपने फाउंडेशन के जरिये यह मानते हैं कि साइबर सुरक्षा आज की दुनिया में महत्वपूर्ण है और हम 'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा' पहल को इतना सफल बनाने के लिये शैक्षणिक संस्थानों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का उत्साह देखकर खुश हैं। हम अपनी डिजिटल दुनिया को ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिये उनकी प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हैं और इस महत्वपूर्ण प्रयास में भाग लेने के लिये सभी भागीदारों को दिल से धन्यवाद देते हैं।"